आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 31.08.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– देश को वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना होगा।
- प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को बरसात के कारण बंद हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोलने के निर्देश दिए।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए भी भारी बारिश की संभावना जताई।
- **और** कुमाऊं के अल्मोड़ा और नैनीताल जिले में नंदाअष्टमी के अवसर पर मेले का भव्य आयोजन शुरू।

--------------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के 125वें संस्करण में आज उन्होंने कहा कि देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिये।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉनसून के दौरान प्राकृतिक आपदाएं देश को कसौटी पर कस रही हैं। पिछले कुछ हफ़्तों में देश ने बाढ़ और भू–स्खलन का बड़ा कहर देखा है। श्री मोदी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों और प्रशासन ने हरसंभव प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की चर्चा की।

**पीएमजीएसवाई**

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को बरसात के कारण बंद हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोलने के निर्देश दिए हैं। ग्राम्य विकास मंत्री ने उत्तराखंड ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों की समीक्षा की। उन्होंने फ़ोन के माध्यम से मुख्य सचिव से वार्ता कर बरसात में क्षतिग्रस्त एवं बह चुके पुलों के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गणेश जोशी ने कहा कि अभी लगभग 166 सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। लगातार बारिश होने से काम करना संभव नहीं हो पा रहा है।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के तीसरे दिन स्वदेशी खेलों का आयोजन और फिटनेस पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को स्वदेशी खेलों के महत्व और फिटनेस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी देकर की। इसके बाद पिडडु खेल सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, साथ ही कबड्डी और खो–खो प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

## मौसम

मौसम विभाग ने राज्य के 8 ज़िलों में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है। देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, और बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। अन्य ज़िलों में भी तेज़ बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने भूस्खलन की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। नदी–नालों और निचले इलाकों के नज़दीक रहने वाले लोगों और बस्तियों को भी सावधान रहने की ज़रूरत है। साथ ही राज्य सरकार को लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कार्रवाई करने की सलाह दी है। सोमवार और मंगलवार को भी देहरादून, उत्तरकाशी, बागेश्वर समेत कुछ ज़िलों में भारी बरसात का अलर्ट है, जबकि दो सितंबर से बारिश में हल्की कमी आएगी।

## नंदाअश्टमी

कुमाऊं के अल्मोड़ा और नैनीताल जिले में नंदाअष्टमी के अवसर पर नन्दा देवी मंदिर में भव्य आयोजन शुरू हो गया है। मां नन्दा सुनंदा की कदली वृक्ष के खामों से बनी प्रतिमाओं को प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए रखा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। नन्दा देवी मंदिर अल्मोड़ा के पुजारी पंडित प्रमोद पाठक ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालु दूर दराज क्षेत्रों से मां नन्दा सुनंदा के दर्शन करने मंदिर में आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि मां नन्दा भक्तों की मनोकामना अवश्य पूर्ण करती है। नन्दा देवी मंदिर और मेला समिति के व्यवस्थापक अनूप शाह ने बताया कि अल्मोड़ा में मां नन्दा देवी मेला पौराणिक और धार्मिक महत्व रखता है, यह मेला 3 सितंबर तक चलेगा। मां नन्दा सुनंदा की भव्य शोभा यात्रा के साथ मेले का समापन होगा।

## सड़क मार्ग

प्रदेशभर में भारी बारिश और भूस्खलन से बंद मार्गों को लगातार खोला जा रहा है। मलबे और भूस्खलन से बंद हुईं अब तक 95.62 प्रतिशत सड़कों पर यातायात बहाल किया जा चुका है। जनसंपर्क विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में आपदा प्रबंधन व राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी

है। भारी बारिश व मलबा आने से प्रदेश में कुल 1827 स्थानों पर सड़कें बंद हुई थीं। इनमें से 1747 सड़कों को खोला जा चुका है, जबकि 80 सड़कों पर कार्यवाही गतिमान है। भूस्खलन से मलबा आने की संभावना को देखते हुए संभावित स्थलों पर, पहले से ही जेसीबी और आवश्यक संसाधनों की तैनाती की गई है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सड़क बंद होने की स्थिति में तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए।

## रूद्रपुर नगर निगम

आगामी 2 से 7 सितम्बर तक नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए रूद्रपुर नगर निगम को आमंत्रण मिला है। जिसमें नगर निगम से जुड़ी फुलवारी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें प्रदेश से केवल तीन नगर निकायों का चयन हुआ है, जिनमें रूद्रपुर नगर निगम भी शामिल है।

समूह की कोषाध्यक्ष चांदनी जोशी का कहना है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## वन नेशन, वन इलेक्शन

देहरादून में आज वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर छात्र नेता सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी इस बैठक में शामिल हुए। ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कार्यकर्ताओं और संगठनों के साथ बैठक हो रही है। इससे जीडीपी में वृद्धि होगी और साथ ही धन की भी बचत होगी।